नाम..................... **J.R.—1149** अनुक्रमांक.................

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2021-22

## कक्षा—11

## विषय—अर्थशास्त्र

**समय : 3.00 घण्टे]** **[पूर्णांक : 80**

**नोट—सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**

(i) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसमें खण्ड अ एवं ब हैं। दिये गये प्रत्येक प्रश्न में 1 अंक निर्धारित है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 7 से 11 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 12 से 17 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं।

1. (अ) सही विकल्प का चयन कीजिए—

(क) वैल्थ ऑफ नेशन्स पुस्तक के लेखक कौन थे—

(i) सैम्युलसन (ii) एडम स्मिथ

(iii) मार्शल (iv) रॉबिन्स।

(ख) अच्छी प्रश्नावली का गुण है—

(i) सही क्रम (ii) सही स्थान

(iii) प्रश्न छोटे व स्पष्ट (iv) उपर्युक्त सभी।

(ग) केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप है—

(i) निर्देशांक (ii) समान्तर माध्य

(iii) माध्य विचलन (iv) सहसम्बन्ध।

(घ) कृषि क्रियाएँ किस क्षेत्र से सम्बन्धित हैं—

(i) प्राथमिक (ii) द्वितीयक

(iii) तृतीयक (iv) उपर्युक्त सभी।

P.T.O.

https://www.cgboardonline.com

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) सांख्यिकी के जन्मदाता............हैं।

(ख) ओजाइव वक्र को............कहा जाता है।

(ग) बहुलक वह मूल्य है जिसकी आवृत्ति............होती है।

(घ) भारतीय कृषि.................का जुआ है।

2. संगणना विधि के तीन मुख्य गुण बताइये।

3. ऑपरेशन फ्लड से आप क्या समझते हैं ?

4. स्वतन्त्रता के समय देश में कार्य कर रहे कुछ आधुनिक उद्योगों को बताइये।

5. क्या पर्यावरण संकट एक नवीन परिघटना है ? यदि हाँ तो क्यों ?

6. मध्यिका के चार गुण बताइये।

7. माध्य विचलन की चार विशेषतायें बताइये।

8. सांख्यिकी में सहसम्बन्ध के कोई चार महत्वों को लिखिए।

9. भारत में गरीबी के कोई चार कारण बताइये।

10. सहकारिता के कोई चार उद्देश्य बताइये।

11. शिक्षित बेरोजगारी को दूर करने के लिए कोई चार सुझाव लिखिए।

12. एक अच्छे माध्य के आवश्यक गुण लिखिए।

**अथवा**

निम्न सारणी से बहुलक ज्ञात कीजिए—

| वर्गान्तर | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 |
|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 2 | 5 | 7 | 5 | 2 |

13. निम्नलिखित समंकों से समान्तर माध्य की गणना कीजिए—

| मध्य मूल्य | 5 | 15 | 25 | 35 | 45 | 55 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 4 | 6 | 10 | 7 | 3 | 2 |

https://www.cgboardonline.com

**अथवा**

निर्देशांक की रचना करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है ?

14. निम्न आँकड़ों से कार्ल पियर्सन का सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| X | 12 | 9 | 8 | 10 | 11 | 13 | 7 |
| Y | 14 | 8 | 6 | 9 | 11 | 12 | 9 |

**अथवा**

सांख्यिकीय माध्य के छः कार्यों की विवेचना कीजिए।

15. भारतीय विकास योजनाओं की विफलता के कारण बताइये।

**अथवा**

भारत में कृषि के छः संस्थागत स्रोतों को लिखिए।

16. स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था के पिछड़ेपन के प्रमुख कारणों की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

भारत में लघु व कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए अपनाये गये उपायों का वर्णन कीजिए।

17. भारत के निर्यात व्यापार में धीमी वृद्धि के कोई छः कारण लिखिए।

**अथवा**

नये आर्थिक सुधार कार्यक्रमों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभावों को लिखिए (कोई छः बिन्दुओं पर)।

---

https://www.cgboardonline.com